प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

वेव्स शिखर सम्मेलन

मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी करेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल चार दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया डायलॉग का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। इसमें 60 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। संवाद का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहन, सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना और वैश्विक मीडिया क्षेत्र की संभावनाओं में नीति समरूपण, प्रतिभाओं के एक दूसरे के यहां काम करने का अवसर व क्षमता वर्धन के उपाय तलाशना है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनका पार्टी की एक बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम है। बैठक में सता व संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हिमाचल के मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से भी मिल सकते हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बीते कल बारिश और कुछ स्थानों में भारी ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से गुठलीदार फलों के अलावा फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम में आए इस बदलाव से जहां किसान—बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं, वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता—

इस बीच राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी बारिश का दौर जारी है।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयां न लिखने और सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुडी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इससे डॉक्टरों को दवाऐं बेचने वाली कंपनियों द्वारा कथित तौर पर रिश्वत देने का मुद्दा हल हो जाएगा। न्यायालय ने कहा कि इस फैसले से चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

पर्यटन सीजन

चंबा जिला में पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि डल्हौजी, खजियार सहित अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने चमियाणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है—चमियाणा सुपर स्पेशलिटी में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी, प्रदेश का पहला अस्पताल बनेगा। दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है—चमियाणा व टांडा मेडिकल कालेज में रोबोटिक सर्जरी जल्द। आपका फैसला के शब्द हैं—चुनिंदा अस्पताल में छह विभागों की सेवाएं शुरू, हर एक घंटे में चल रहे टैंपो ट्रवलर।

पंजाब केसरी ने खबर दी है—हड़ताल पर बैठे प्राथमिक शिक्षकों को सस्पैंड करने से जुड़े मामले में राज्य सरकार को नोटिस। वहीं दिव्य हिमाचल के शब्द हैं—धरना देने वाले पीटीएफ के तीन और पदाधिकारी ट्रांसफर।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है—जाति जनगणना पर मोदी सरकार का एतिहासिक फैसला।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है—हिमाचल में अंधड़—बारिश—ओलावृष्टि से चार डिग्री तक गिरा पारा, आज भी अलर्ट।